तू काला काला मैं गोरी गोरी संवारें

तू काला काला मैं गोरी गोरी संवारें,
अरे कैसे खेलु तेरे संग होली सांवरे,
तू तो है छलिया म्हारा रंग रसिया
मैं हु रे गाव की गोरी संवारे
तू काला काला मैं गोरी गोरी संवारें,

कान्हा तेरे कांधे पे काली कमरिया
रेशम की मेरे सतरंगी चुनरिया
तू ग्वाला मैं चंदा की चकोरी संवारे
अरे कैसे खेलु तेरे संग होली सांवरे

मैं अपने मेंहलो में खेलु कन्हिया
दिन भर चराता फिरे तू तो गईया घर घर तू करे माखन की चोरी संवारे
अरे कैसे खेलु तेरे संग होली सांवरे,

काहे को तू मेरे पीछे पड़े री
रंग तेरा मुझपे न इक भी चड़े रे
काहे को करे तू सीना जोरी संवारे
अरे कैसे खेलु तेरे संग होली सांवरे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21148/title/tu-kala-kala-main-gori-gori-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |